Parliament, who is a senior Member, makes video of another Member! For what? *...(Interruptions)...* I had suffered, I tell you. Mr. Chidambaram, your party had put up a video on *Instagram*, which was withdrawn later on. That was a shame to me. You used Twitter, official handle of the spokesperson, to demean me, insult me, insult my background as a farmer, insult my position as a *Jat* and insult my position as the Chairman. These are too serious issues. *...(Interruptions)...* Please, go back to your seat. *...(Interruptions)...* The House stands adjourned to meet at 3.00 p.m..

*The House then adjourned at two minutes past two of the clock.*

---

*The House reassembled at three of the clock,*
MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

## RECOMMENDATIONS OF THE BUSINESS ADVISORY COMMITTEE

MR. CHAIRMAN: I have to inform the hon. Members that the Business Advisory Committee in its meeting held today, that is, on 19th of December, 2023, has allotted time for Government Legislative Business as follows:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Consideration and Passing of the Telecommunications Bill, 2023<br>(after it is considered and passed by Lok Sabha) | **Two Hours** |

*...(Interruptions)...*

---

## GOVERNMENT BILLS

### €The Appropriation (No.3) Bill, 2023
### &
### €The Appropriation (No.4) Bill, 2023

MR. CHAIRMAN: Now, Bills for Consideration and Return. The Appropriation (No.3) Bill of 2023 and the Appropriation (No.4) Bill, 2023 - to be discussed together. Shri

---

€ Discussed together.

Pankaj Chaudhary to move for consideration of the following Bills:- The Appropriation (No.3) Bill, 2023 and the Appropriation (No.4) Bill, 2023. Shri Pankaj Chaudhary. *...(Interruptions)...*

**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**: महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ:-

"कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की सेवाओं के लिए भारत की संचित निधि में से कतिपय और राशियों के संदाय और विनियोग को प्राधिकृत करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

महोदय, मैं यह भी प्रस्ताव करता हूँ:-

"कि 31 मार्च, 2021 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के दौरान कतिपय सेवाओं पर व्यय की गई रकमों को, जो उन सेवाओं के लिए और उस वर्ष के लिए अनुदत्त रकमों से अधिक हैं, पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि में से धन के विनियोग को प्राधिकृत करने का उपबंध करने वाले विधेयक पर, लोक सभा द्वारा पारित रूप में, विचार किया जाए।"

*The questions were proposed.*

MR. CHAIRMAN: Motions moved. *...(Interruptions)...* Motions for consideration of the Appropriation Bill (No. 3) of 2023 and the Appropriation (No.4) Bill, 2023 are now open for discussion. *...(Interruptions)...* I now call upon the Members whose names have been received for participation in the discussion. *...(Interruptions)...* Shri Vikramjit Singh Sahney, not present. *...(Interruptions)...* Dr. Amar Patnaik.

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, first of all, I would like to congratulate the hon. Finance Minister and the Government for managing this additional supplementary Budget remaining within the fiscal prudence norms that were stipulated by her in the Budget Speech. She has reiterated that despite these additional provisions, the fiscal deficit will continue to remain within the 5.9 per cent that she had mentioned in the Budget Speech and it would also remain within 4.5 per cent in a particular consolidation trajectory in the subsequent financial year. *...(Interruptions)...*

Sir, there are two more important allocations in this, most important being the fertilizer subsidy. As far as fertilizer subsidy is concerned, there is an additional provision of Rs. 13,350 crore. Sir, through you, I would like to bring to the notice of the hon. Finance Minister and the Government that a very interesting statistics has come out from the Indian Journal of Fertilisers, which says that if the use of fertilizer of

NPK (Nitrogen, Potassium and Phosphorus) variety was more, then, the yield has actually been less. Therefore, my advice to the Government of India would be to use nano-fertilizer, to use organic fertilizer and to have a path in which the trajectory of dependence of subsidy on chemical fertilizers will decrease and will move towards a path which is much greener and much more climate-friendly. Sir, in Odisha, under the leadership of Shri Naveen Patnaik, we have embarked on that particular path of organic farming and use of organic fertilizers. *...(Interruptions)...* Secondly, the other important subsidy that we are giving is the food subsidy, and, on food subsidy, we are spending about Rs. 2 lakh crores. *...(Interruptions)...* Considering that the people of India need this, I welcome it and I thank the hon. Prime Minister and our Chief Minister, Shri Naveen Patnaik, for extending it to the people who are not covered by the Food Security Act. However, I would still recommend that the future path would be to transition away to a millet-based subsidy scheme in which people use millets and we transfer funds to tribals. It will also reduce our dependence on aquifer water as far as rice and wheat is concerned. *...(Interruptions)...* I support the Appropriation Bills in toto and I also compliment the hon. Finance Minister for remaining within the fiscal prudence norms.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Mr. Chairman, Sir, I rise to support the Bill. The majority of the spending is aimed towards the subsidies for food, fuel and fertilizers. This will ensure welfare of the poor, the needy and the farmers. However, the Appropriation Bills.. *..(Interruptions)..*

MR. CHAIRMAN: Go ahead; go ahead. *..(Interruptions)..*

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, I am supporting these Bills. The Opposition has been very badly affected by the viral fever. This viral is spreading like anything towards the Opposition. *..(Interruptions)..* Give them appropriate medicine. *..(Interruptions)..*

MR. CHAIRMAN: Shri A.D. Singh; not present. Shri Vaiko; not present. Dr. M. Thambidurai. You have two minutes.

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Mr. Chairman, Sir, thank you very much for giving me this opportunity. You know very well that today, in the State of Tamil Nadu, Tenkasi, Kanyakumari District, Thirunelveli District and Thoothukudi District are badly affected by heavy rain. The AIADMK Party General Secretary, Edappadi K.

Palaniswami visited these areas today. After Chennai, the flood has seriously affected the people of Tamil Nadu. I request the hon. Minister and also the Government to sanction necessary funds to help the Tamil Nadu people who are affected by floods in Kanyakumari, Thirunelveli, Thoothukudi and other areas. Thank you.

MR. CHAIRMAN: The Leader of the House, Shri Piyush Goyal.

THE LEADER OF THE HOUSE (SHRI PIYUSH GOYAL): Sir, I think, Dr. Thambidurai has raised a very important point. It clearly shows the abject failure of the DMK Government in Tamil Nadu. *..(Interruptions)..* It has completely failed to provide relief, to provide succour and to provide rehabilitation to the people of Tamil Nadu. The people of Tamil Nadu are reeling under this natural disaster. *..(Interruptions)..*

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Kanakamedala Ravindra Kumar. *..(Interruptions)..*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Thank you, Sir, for giving me this opportunity. These two Appropriation Bills have been taken together for discussion. I am supporting these two Bills. *..(Interruptions)..* The Government of Andhra Pradesh has pressed into service, the borrowings made through State public sector companies, SPVs and other equivalent instruments *...(Interruptions)...*thereby decided to claiming that borrowings are within the prescribed limits. The present debt of Andhra Pradesh Government is Rs. 11,28,992 crores, out of which, the RBI loans are Rs. 3,62,375 crores. *..(Interruptions)..* In view of this, I request the Union Government to come to the rescue of the State Government.

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Birendra Prasad Baishya.

SHRI BIRENDRA PRASAD BAISHYA (Assam): Sir, at the beginning, I would like to congratulate the hon. Prime Minister. *..(Interruptions)..* Under his leadership, the financial management of the country is going in a right direction, with the GDP growing at a rate of 7.7 per cent, which is unprecedented economic growth in our country. *..(Interruptions)..*

MR. CHAIRMAN: Thank you. Now Shri Lahar Singh.

**श्री लहर सिंह सिरोया** (कर्नाटक) : सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं। महोदय, मैं इस एप्रोप्रिएशन बिल के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। ...(**व्यवधान**)... मुझे आशा थी कि आदरणीय चिदम्बरम जी से हमें कुछ ज्ञान मिलता तो अच्छा होता। ...(**व्यवधान**)... आदरणीय चिदम्बरम जी एक यशस्वी फाइनेंस मिनिस्टर रहे हैं, यदि वे इस बिल पर कुछ enlightenment करते, सरकार का मार्गदर्शन करते तो हमें बहुत अच्छा लगता। ...(**व्यवधान**)... यह बड़े दुर्भाग्य और शर्म की बात है कि इनकी पार्टी के लोग ही इन्हें बोलने नहीं दे रहे हैं, जिस वजह से हमें इन्हें सुनने का अवसर नहीं मिल रहा है। ...(**व्यवधान**)... यह बड़ी शर्म की बात है। मैं समझता हूं कि यदि कांग्रेस का यही आचरण रहा तो ...(**व्यवधान**)... यह बड़ी चिंता का विषय है, धन्यवाद।

**श्री घनश्याम तिवाड़ी** (राजस्थान) : सभापति महोदय, मैं दि एप्रोप्रिएशन (नं.3) बिल, 2023 और दि एप्रोप्रिएशन (नं.4) बिल, 2023 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह एप्रोप्रिएशन बिल खाद्य के लिए, मनरेगा के लिए, कृषि के लिए लाया गया है। जिन लोक कल्याणकारी योजनाओं के लिए भारत सरकार को अतिरिक्त पैसा लेना पड़ा था, उसके लिए सप्लीमेंटरी ग्रांट्स हैं और यह इसे प्रमाणित करता है कि भारत सरकार गांव, गरीब और किसान के प्रति समर्पित है।...(**व्यवधान**)... महोदय, मैं बताना चाहूंगा कि आज हम उस भारत की चर्चा कर रहे हैं, जो भारत PL 480 अमेरीका से मांग कर लाता था। भारत आज वह भारत नहीं है, आज हम अन्नपूर्णा भारत की चर्चा कर रहे हैं, जो अपना पेट भरकर 131 कंट्रीज़ में चावल और गेहूं का निर्यात करता है - हम उस भारत की चर्चा कर रहे हैं।...(**व्यवधान**)... मैं यह कहना चाहता हूं कि एक चंद्रगुप्त मौर्य का युग था, जिसको 'स्वर्ण युग' कहा जाता था। यह युग नरेन्द्र मोदी जी का है, जिसे 'स्वर्णिम युग' कहा जाता है। महोदय, चंद्रगुप्त मौर्य, मौर्य इसलिए बना कि वह मुरा का लड़का था और गली में से चाणक्य उठा कर ले गए थे।...(**व्यवधान**)... नरेन्द्र मोदी इसलिए हीरो बने कि ये स्वर्गीय हीराबेन के लड़के हैं, इसलिए वे हीरा बने।...(**व्यवधान**)... वह मुरा का लड़का था, इसलिए वह चंद्रगुप्त मौर्य बना और ये हीरा बने। इन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था में लाकर खड़ा कर दिया - इतना बड़ा काम श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। इसलिए हम इस बिल का समर्थन करते हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री सभापति** : श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा ।

**श्रीमती रमिलाबेन बेचारभाई बारा** (गुजरात) : सभापति महोदय, मैं दरिद्र नारायण की सभा के लिए लाए गए बिल पर बोलने के लिए खड़ी हुई हूं और इसका समर्थन करती हूं।...(**व्यवधान**)... महोदय, मैं आपके ध्यान में लाना चाहती हूं कि 2014 से पहले आर्थिक गंगा महलों की ओर बहती थी, लेकिन आज नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में आर्थिक गंगा गरीबों की झोंपड़ी की ओर बह रही है। इसलिए मैं इस बिल का समर्थन करती हूं।...(**व्यवधान**)... महोदय, 2014 से पहले गांव की स्थिति कैसी थी, उसके बारे में हम सब जानते हैं। गांव टूट रहे थे, लोग शहरों की तरफ जा रहे थे, लेकिन आज मोदी जी की गारंटी वाली गाड़ी गांव में प्रत्येक गरीब तक जा रही है और जाकर गरीब को प्रत्येक योजना की जानकारी देती है।...(**व्यवधान**)... इतना ही नहीं, वह उन्हें योजना से लाभान्वित भी कराती है, इसलिए मैं इस बिल का समर्थन करती हूं।

**श्री सभापति** : श्रीमती सीमा द्विवेदी ।

**श्रीमती सीमा द्विवेदी** (उत्तर प्रदेश) : सभापति महोदय, मैं आज इस बिल का समर्थन करना चाहती हूं। मैं यह बताना चाहती हूं कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष कांग्रेस को कभी उधार नहीं देता था। इन्होंने अपना सोना भी उनके पास गिरवी रख दिया था। ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Ms. Dola Sen, please. *...(Interruptions)...* Shrimati Jaya Bachchan, please keep order in the House. ...(*Interruptions*).. I request Jaya Bachchan *ji* and Dola Sen *ji* to take their seats. ...(*Interruptions*).. This conduct is disorderly conduct. *...(Interruptions)...* Please don't do that. *...(Interruptions)...* Please take your seats. ...(*Interruptions*)...

**श्रीमती सीमा द्विवेदी** : आज वही ...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Dola Sen *ji*, please. *...(Interruptions)...*

**श्रीमती सीमा द्विवेदी**: मैं इनको सुनाना चाहती हूं कि आज मोदी जी के विकास की गाड़ी गांव-गांव में जा रही है, उनके विकास का रथ गांव-गांव में पहुंच रहा है। चाहे किसान हो, नौजवान हो, डॉक्टर हो, इंजीनियर हो, शिक्षा हो या स्वास्थ्य हो, हर विभाग के लिए हमारी सरकार काम कर रही है, मोदी जी काम कर रहे हैं। पहली बार ऐसा बिल आया है, तो हम इस बिल का समर्थन करना चाहते हैं।...(**व्यवधान**)... महोदय, हमारे प्रधान मंत्री जी की नीतियों का यह परिणाम है, उनकी नीतियों के कारण ही आज हमारा देश बहुत तेजी के साथ तरक्की कर रहा है। प्रधान मंत्री जी ने संकल्प लिया है कि जब देश की आज़ादी का सौवां साल होगा, तो हम विकसित भारत होंगे। ...(**व्यवधान**)... हम विकसित भारत की तरफ चल रहे हैं और विकसित भारत की तरफ चलने के लिए हमें अच्छा स्वास्थ्य चाहिए, शिक्षा चाहिए। हमारा जो यह विधेयक आया है, हम सदन से अनुरोध करना चाहते हैं कि आप सर्वसम्मति से इसका समर्थन कीजिए। आप समर्थन इसलिए कीजिए, क्योंकि यह देश की तरक्की को आगे ले जा रहा है। हमारा देश बहुत तेजी के साथ तरक्की करने जा रहा है।...(**व्यवधान**)... मैं आपसे कहना चाहती हूं कि आप भी बहती गंगा में हाथ धो लीजिए। आपने पूरे जीवन में * किए हैं। आपने कभी गरीबों के बारे में नहीं सोचा, किसानों के बारे में नहीं सोचा, आपने किसी के बारे में नहीं सोचा।...(**व्यवधान**)... आपने किसी के परिवार के बारे में नहीं सोचा। आपने केवल अपने परिवार के बारे में सोचा। आज जब मोदी जी के विकास की गंगा बह रही है, तो मैं यह कहना चाहूंगी कि आप भी बहती गंगा में हाथ धो लीजिए और इस बिल का समर्थन कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. CHAIRMAN: Dr. Kalpana Saini. ...*(Interruptions)*... Mr. Pathak, be on your seat. ...*(Interruptions)*... No. ...*(Interruptions)*... You are not on your seat. ...(*Interruptions*).. You came up to the Well also. ...*(Interruptions)*... Please go to your seat. ...*(Interruptions)*... Mr. Pathak, go to your seat. ...*(Interruptions)*... You are not on your seat. ...*(Interruptions)*... You had come to the Well also. ...*(Interruptions)*...You are contributing to the disorder of the House. ...*(Interruptions)*... Don't do it please. That is what you are doing. ...*(Interruptions)*...

**डा. कल्पना सैनी** (उत्तराखंड): सभापति महोदय, मैं विनियोग (संख्यांक 3) विधेयक, 2023 और विनियोग (संख्यांक 4) विधेयक, 2023 के समर्थन में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। मैं अपनी बात को बहुत संक्षेप में कहूंगी। ...(**व्यवधान**)... सर, जो मुझे नज़र आता है, मैं उसके अनुसार बोलना चाहती हूं:-

*"सोने की चिड़िया देश मेरा, था शिकंजा गिद्धों के पंजों का,*
*लोकतंत्र की खूबसूरती पर, संसाधन है जन हित का,*
*संचित निधि है जनता की, रखवाला है सरकार मेरी,*
*देश बढ़े आगे मेरा, इस एप्रोप्रिएशन को ले आई निर्मला जी।*
*झंझावात झेले हमने, कभी कोविड तो कभी यूक्रेन युद्ध आया,*
...(**व्यवधान**)...

*क्या फर्क पड़ा मेरे मोदी को, देश का विकास ले आया,*
*10वें नम्बर की अर्थव्यवस्था, 5वें पर आ ठहरी,*
*इस बार तीसरे नम्बर पर, यह गारंटी है मोदी की,*
*धन्यवाद है मोदी जी, धन्यवाद है सीतारमण,* ...(**व्यवधान**)...
*निर्यात बढ़ रहा भारत का, चालीस ट्रिलियन तक ले जाना,*
*धन्य-धन्य हैं मोदी जी, भारत ने तो पूजा ही है, विश्व ने भी है पहचाना,*
*गारंटी है मोदी की, 2047 तक विकसित भारत बना जाना।"*

धन्यवाद।

**श्री सभापति :** श्री अरुण सिंह। ...(**व्यवधान**)...

**श्री अरुण सिंह** (उत्तर प्रदेश) **:** सर, जो दि एप्रोप्रिएशन बिल, 2023 है, अगर देखेंगे, तो मुख्य रूप से गरीबों के कल्याण के लिए कैसे उनकी और मदद हो, वही इसमें मुख्य हेड दिखता है। ...(**व्यवधान**)... गरीब को मुफ्त में और अनाज मिले, अगले पांच वर्ष तक उसको और मुफ्त में अनाज मिले, ...(**व्यवधान**)... 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में अनाज देने का अगर कोई काम कर रहा है, तो वे देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी हैं। इसमें 5,500 करोड़ रुपये की एडिशनल डिमांड की गई है। ...(**व्यवधान**)... इसके साथ ही हर व्यक्ति तक, हर घर तक उज्ज्वला गैस कनेक्शन

पहुंचना चाहिए, उसके लिए और अधिक लोगों तक गैस कनेक्शन्स पहुंचें तथा मां-बहनों को उनका लाभ मिले ...(**व्यवधान**)... 8,500 करोड़ रुपये का एडिशनल प्रोविजन इसमें किया गया है, तो वह उज्ज्वला गैस कनेक्शन के लिए किया गया है। ...(**व्यवधान**)... विपक्ष के लोग यहां पर हैं और जब गरीबों के कल्याण की बात आती है, तो उनको डिबेट में पार्टिसिपेट करना चाहिए। ये गरीब विरोधी लोग हैं। ...(**व्यवधान**)... इनको इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि इस एप्रोप्रिएशन में मनरेगा के लिए भी 20 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान सरकार ने किया है। ...(**व्यवधान**)... उसी प्रकार से लोगों को सब्सिडी मिलनी चाहिए। किसानों को फर्टिलाइज़र सस्ते दाम पर मिलना चाहिए। हम सबको याद है कि जब यूरिया का दाम 2,500 हो गया, तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने यूरिया का दाम 242 रुपये निश्चित करने का काम किया। ...(**व्यवधान**)... जो 13,300 करोड़ रुपये की एडिशनल डिमांड की गई है, उसमें इसको रखा गया है। ...(**व्यवधान**)... इसी प्रकार से राज्यों का भी ध्यान रखा गया है। ...(**व्यवधान**)...अलग-अलग राज्यों को कोविड के समय कहा गया था कि हम आपको एक लाख करोड़ रुपये का इंटरेस्ट फ्री लोन देंगे। ...(**व्यवधान**)... आज 64 करोड़ रुपये का अलग-अलग राज्यों को इंटरेस्ट फ्री लोन दिया गया है। इसमें राज्यों का भी ध्यान रखा गया है, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Shri Pankaj Chaudhary to reply to the discussion.

**श्री पंकज चौधरी :** माननीय सभापति जी, हमारे तमाम साथियों ने इस चर्चा में भाग लिया है। खास तौर से डा. अमर पटनायक जी ने उर्वरक के संबंध में जो सजेशन दिया है, उसको मैंने नोट कर लिया है। श्री वि. विजयसाई रेड्डी और श्री कनकमेदला रवींद्र कुमार जी के सहयोग के लिए हम उनको भी धन्यवाद देते हैं। डा. मु. तंबी दुरै जी ने तमिलनाडु में जो बाढ़ का मुद्दा उठाया है, इस संबंध में मैं सदन को बताना चाहता हूं कि भारत सरकार उचित सहायता प्रदान कर रही है। इसके साथ ही हमारे जिन तमाम साथियों ने चर्चा में भाग लिया, उन सबको मैं धन्यवाद देता हूं। ...(**व्यवधान**)...

माननीय सभापति महोदय, वर्ष 2023-24 के लिए पूरक अनुदान की मांगों के पहले बैच में 79 मांगें और चार विनियोजन शामिल हैं। ...(**व्यवधान**)... इसके लिए लगभग 1,29,000 करोड़ के सकल अतिरिक्त व्यय के प्राधिकार की मांग की जा रही है। उसमें शुद्ध नकद लगभग 58 हजार करोड़ रुपये है और पूरक 2023-24 के पहले बैच में शामिल प्रमुख मद इस प्रकार से है - उर्वरक विभाग के लिए 16,300 करोड़ रुपया, दूरसंचार के लिए लगभग 13,000 करोड़ रुपया, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के लिए 5,500 करोड़ रुपया, मनरेगा के लिए लगभग 20,000 करोड़ रुपया भी शामिल है। ...(**व्यवधान**)...महोदय, मैं अनुरोध करता हूं कि वर्तमान अनुदान मांगों को सहमति के पश्चात लोक सभा को वापस किया जाए।

MR. CHAIRMAN: I shall now put the motion regarding consideration of Appropriation (No.3) Bill, 2023 to vote. The question is:

"That the Bill to authorise payment and appropriation of certain further sums from and out of the Consolidated Fund of India for the services of the financial year 2023-24, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration."

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill.

*Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.*
*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

MR. CHAIRMAN: Shri Pankaj Chaudhary to move that the Bill be returned.

**श्री पंकज चौधरी** : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि विधेयक को लौटाया जाए।

*The question was put and motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: I shall now put the motion regarding consideration of Appropriation (No.4) Bill, 2023 to vote. The question is:

"That the Bill to provide for the authorisation of appropriation of moneys out of the Consolidated Fund of India to meet the amounts spent on certain services during the financial year ended on the 31st day of March, 2021, in excess of the amounts granted for those services and for that year, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

*The motion was adopted.*

MR. CHAIRMAN: We shall now take up Clause-by-Clause consideration of the Bill. ...*(Interruptions)*...

*Clauses 2, 3 and the Schedule were added to the Bill.*
*Clause 1, the Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

MR. CHAIRMAN: Shri Pankaj Chaudhary to move that the Bill be returned. *...(Interruptions)...*

**श्री पंकज चौधरी** : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं :

कि विधेयक को लौटाया जाए।

*The question was put and the motion was adopted.*

*...(Interruptions)...*

MR. CHAIRMAN: Hon. Members, it is our responsibility to have the House in order. *...(Interruptions)...* You are yourself not on your seat. *...(Interruptions)...* You are contributing to disorder of the House. *...(Interruptions)...* Even very senior Members are doing it. *...(Interruptions)...* I can tell you one thing*...(Interruptions)...* I can tell you one thing, we are setting a very dangerous example. *...(Interruptions)...* Hon. Members, I request all of you to go to your seats, be in order. I will be forced to take stringent action. *...(Interruptions)...* Please. *...(Interruptions)...* Please maintain order. *...(Interruptions)...* The House is adjourned to meet at 4.00 p.m.

*The House then adjourned at twenty-five minutes past three of the clock.*

---

*The House reassembled at four of the clock,*
MR. CHAIRMAN *in the Chair.*

**MESSAGES FROM LOK SABHA**

**The National Capital Territory of Delhi Laws (Special Provisions) Second (Amendment) Bill, 2023.**

**श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा** (हरियाणा): राम-राम, जी।

**श्री सभापतिः** राम-राम के ऊपर एक बात है। बस में एक यंग आदमी जा रहा था। उसके साइड में गाँव का एक बुजुर्ग बैठा था। वह यंग आदमी सिगरेट पीते हुए सारे का सारा धुआँ ताऊ के ऊपर फेंक रहा था। ताऊ परेशान था, पर उसने कुछ नहीं किया। आखिर में उस युवक ने सिगरेट ऐसे पी कि एक चिंगारी ताऊ की धोती के ऊपर पड़ गई। तब उस यूथ को लगा कि मैंने सीमा पार कर दी